# अखिल भारतीय दिव्यांग लेखक सम्मेलन आयोजित

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** साहित्य अकादमी द्वारा मंगलवार को अपनी तरह के पहले अखिल भारतीय दिव्यांग लेखक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि वर्तमान सरकार 'सबका साथ सबका विकास' का उद्देश्य लेकर चल रही है। अतः राष्ट्र के निर्माण में दिव्यांगजनों का भी समुचित सम्मान और उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो रही है। इस तरह के सम्मेलन इन सबको एक मंच प्रदान करने के लिए श्रेष्ठ कदम साबित होंगे। उन्होंने कई दिव्यांग साहित्यकारों का उल्लेख करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में कुछ रंगों की कमी की चिंता न करते हुए रंगों का एक दूसरा इंद्रधनुष तैयार कर लेते हैं, जो हम सबके जीवन में एक नया उजाला भर देता है। उन्होंने सूरदास के प्रिय भजन - 'प्रभु जी, मेरो अवगुन चित न धरो' को प्रस्तुत करते हुए कहा कि सूरदास द्वारा वर्णित कृष्ण लीलाएं मानो उन्होंने किसी दिव्यदृष्टि से प्रस्तुत की हैं। आगे उन्होंने कहा कि संस्कृति मंत्रालय प्रयास करेगा कि इस तरह के कार्यक्रम सभी राज्यों में आयोजित किए जाए।